Rapid Fire करेंट अफेयर्स (16 July)

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-july-16

- भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो ने 15 जुलाई को तड़के 2:51 पर होने वाली चंद्रयान-2 की लॉन्चिंग तकनीकी कारणों से 56:24 मिनट पहले रोक दी। इसरो के वैज्ञानिक यह पता लगाने का प्रयास कर रहे हैं कि लॉन्च से पहले यह तकनीकी खामी कैसे आई। इसरो की ओर से कहा गया कि GSLV-Mk3 लॉन्च व्हीकल (रॉकेट) में खामी आने की वज़ह से लॉन्चिंग टाली गई है। अपने दूसरे मून मिशन चंद्रयान-2 के साथ ISRO अंतरिक्ष में लंबी छलांग लगाने की तैयारी कर रहा है, क्योंकि अभी तक दुनिया के पाँच देश ही चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग करा पाए हैं। ये देश हैं- अमेरिका, रूस, यूरोप, चीन और जापान, इनके बाद भारत ऐसा करने वाला छठा देश होगा। हालाँकि रोवर उतारने के मामले में भारत चौथा देश होगा क्योंकि इससे पहले अमेरिका, रूस और चीन चंद्रमा पर लैंडर और रोवर उतार चुके हैं। चंद्रयान-2 चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र में उतरेगा, जहाँ अभी तक कोई देश नहीं पहुँचा है।
- दुनियाभर में प्रदूषण की बड़ी वजहों में से एक विमानन उद्योग पर **फ्राँस** ने अपने यहाँ से उड़ान भरने वाली सभी विदेशी उड़ानों पर 18 यूरो (लगभग 1385 रुपए) का टैक्स लगाने का ऐलान किया है। इसे **इको टैक्स** नाम दिया गया है। इसमें फ्राँस या यूरोप के भीतर इकोनॉमी क्लॉस के टिकट पर 1.5 यूरो (115 रुपए), बिजनेस क्लास पर 900 रुपये का शुल्क लगेगा। जबकि विदेशी उड़ानों के बिज़नेस क्लॉस के टिकट पर सबसे अधिक 18 यूरो का शुल्क लगेगा। यह टैक्स जनवरी 2020 से लागू हो जाएगा और इससे एकत्र धन से कम प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों की मदद की जाएगी। इससे फ्राँस को हर साल 1400 करोड़ रुपए की आय होगी, जो इलेक्ट्रिक और स्वच्छ ऊर्जा के नए उद्योगों का बुनियादी ढाँचा तैयार करने में खर्च की जाएगी। फ्राँस आने वाली उड़ानों पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। ज्ञातव्य है कि इसी तरह के ग्रीन टैक्स की शुरुआत स्वीडन ने अप्रैल 2018 में की थी। स्वीडन सरकार हर हवाई टिकट पर लगभग 40 यूरो टैक्स वसूलती है। यह धन हवाई यात्रा से जलवायु परिवर्तन पर पड़ने वाले प्रभाव को कम करने में खर्च किया जाता है।
- दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने अपना घर छोड़कर दिल्ली के रेलवे स्टेशनों, बस अड्डों और कई सार्वजनिक जगहों पर लावारिस घूम रहे 333 बच्चों को उनके परिवारों से मिलाने के लिये **ऑपरेशन मिलाप** चलाया। क्राइम ब्रांच की **एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग** यूनिट दिल्ली पुलिस के सभी ज़िलों में चल रही यूनिट की नोडल एजेंसी है। इसका उद्देश्य परिवार से बिछड़े हुए बच्चों को उनके माता-पिता और परिवार से मिलाना है। इसके लिये हर पखवाड़े राजधानी के रेलवे स्टेशनों, बस अड्डों और अन्य जगहों में चेकिंग ड्राइव चलाई जाती है। इस दौरान लावारिस और आवारा घूम रहे बच्चों को तलाशा जाता है। इस काम के लिये NGOs की मदद भी ली जाती है। यहाँ से रेस्क्यू किये बच्चों की काउंसलिंग की जाती है और ज़रूरत पड़ने पर मेडिकल हेल्प भी उपलब्ध कराई जाती है। इसके अलावा यूनिट की टीम राजधानी के चिल्ड्रेंस होम में घूमकर वहाँ रह रहे बच्चों के बारे में जानकारी हासिल करती है और उनके परिजनों को खोजने में मदद करती है। क्राइम ब्रांच ने इसके लिये एक डेटाबेस भी बनाया है।
- 11 से 14 जुलाई तक मेघालय की राजधानी शिलांग से 64 किमी. दूर **जोवाई** में **बेहदीनखलम** (Behdeinkhlam) महोत्सव का आयोजन किया गया। वार्षिक तौर पर होने वाला यह उत्सव मेघालय की **जयंतिया जनजाति** का सबसे लोकप्रिय त्योहार है। इस उत्सव में बाँस और कागज़ से लंबी संरचनाएँ बनाई जाती हैं, जिन्हें रॉट (Rot) कहते हैं। बेहदीनखलम का शाब्दिक अर्थ 'लकड़ी की छड़ियों से शैतान (प्लेग या कॉलरा) को भगाना' है। विदित हो कि मेघालय का

गठन असम के अंतर्गत 2 अप्रैल, 1970 को एक स्वायत्तशासी राज्य के रूप में किया गया था। एक पूर्ण राज्य के रूप में मेघालय 21 जनवरी, 1972 को अस्तित्व में आया। इसकी उत्तरी और पूर्वी सीमाएँ असम से और दक्षिणी तथा पश्चिमी सीमाएँ बांग्लादेश से मिलती हैं।

- स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की प्रबंध निदेशक **अंशुला कांत** को **विश्व बैंक का प्रबंध निदेशक एवं मुख्य वित्त अधिकारी** नियुक्त किया गया है। विश्व बैंक के अध्यक्ष **डेविड मल्पास** के अनुसार, अंशुला **विश्व बैंक समूह** में वित्तीय जोखिम प्रबंधन का दायित्व संभालेंगी और अध्यक्ष को रिपोर्ट करेंगी। अंशुला को वित्त, बैंकिंग का 35 वर्ष का अनुभव है तथा अन्य प्रमुख प्रबंधन कामों में वह वित्तीय रिपोर्टिंग, रिस्क मैनेजमेंट और अन्य वित्तीय संसाधनों को एकत्र करने पर विश्व बैंक के CEO के साथ मिलकर काम करेंगी। आपको बता दें कि अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक को ही विश्व बैंक कहा जाता है। इसका मुख्यालय अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन DC में है। विश्व बैंक संयुक्त राष्ट्र से जुड़ी एक अहम संस्था है और यह कई संस्थाओं का समूह है, इसीलिये इसे **विश्व बैंक समूह** (World Bank Group) भी कहा जाता है। वर्तमान में विश्व बैंक में 189 देश सदस्य हैं।